>

Title: Need to enhance the quota of seats recommended by MPs for admission to Kendriya Vidyalayas in Parliamentary Constituencies having more than one Kendriya Vidyalaya.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : अध्यक्ष महोदय, संसद सदस्यों को केन्द्रीय विद्यालय में प्रवेश हेतु दो छात्रों के आरक्षण का कोटा निर्धारित किया गया है, किंतु जिन माननीय सांसदों के क्षेत्रों में एक से ज्यादा केन्द्रीय विद्यालय उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जैसे कि मेरे संसदीय क्षेत्र सागर, मध्य प्रदेश में पांच केन्द्रीय विद्यालय हैं। अतः सभी में प्रवेश दिलाने हेतु अभिभावकों के काफी दवाबों एवं अनुरोध का सामना करना पड़ता हे। सभी सांसदों को भी ऐसी ही कठिनाई का सामना करना होता है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध हे कि संसदीय क्षेत्र में एक से अधिक विद्यालय होने पर सभी केन्द्रीय विद्यालयों में प्रत्येक में 2-2 सीटों के आधार पर प्रवेश का स्थान सांसदों को दिलाने का सहयोग करें।